भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*1
सोमवार, 04 फरवरी, 2019/15 माघ, 1940 (शक)

रोजगार सूचना केन्द्र

*1. श्री राजीव सातवः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने रोजगार से संबंधित सूचना के लिये प्रत्येक गांव में रोजगार सूचना केन्द्रों (ईआईसी) की स्थापना करने के लिये राज्यों को निर्देश जारी किये हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्य सरकारों द्वारा इन निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उन गांवों के राज्य-वार नाम क्या हैं जिनमें विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष एवं चालू वर्ष के दौरान ईआईसी की स्थापना की गई है;

(घ) प्रत्येक गांव में ईआईसी की स्थापना कब तक किये जाने की संभावना है; और

(ङ) सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर मुहैया कराने हेतु प्रत्येक जिले के रोजगार कार्यालय में निजी क्षेत्र हेतु ब्यूरो की स्थापना करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाये गये हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ङ): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*

श्री राजीव सातव एवं श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले द्वारा रोजगार सूचना केन्द्र के बारे में पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *1 के भाग (क) से (ङ) में दिनांक 04.02.2019 को दिए जाने वाले उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ङ): राज्यों को रोजगार सूचना केंद्रों (ईआईसी) की स्थापना हेतु कोई अनुदेश जारी नहीं किया गया है। प्रत्येक जिले के रोजगार कार्यालय में निजी क्षेत्र हेतु ब्यूरो की स्थापना का भी कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, सरकार रोजगार मिलान, आजीविका परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर सूचना आदि जैसी विविध रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। राष्ट्रीय करियर सेवा परियोजना में निम्न शामिल हैं:-

(1) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल www.ncs.gov.in

(2) रोजगार सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों/संस्थानों के सहयोग से आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना। केंद्र सरकार इन केंद्रों को प्रस्तावों तथा योजना के दिशा-निर्देशों के आधार पर 50 लाख रु. प्रति केंद्र तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। फिलहाल, सरकार ने 117 आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) को संस्वीकृत किया है।

(3) एनसीएस परियोजना में एनसीएस पोर्टल के साथ संबंधित राज्य के पोर्टल के माध्यम से रोजगार कार्यालयों को आपस में जोड़ने की भी परिकल्पना की गई है। रोजगार मेलों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों को सहायता भी प्रदान की जाती है।

एनसीएस के तहत सेवाएं बहु-वितरण माध्यमों, जैसे एनसीएस पोर्टल, रोजगार कार्यालयों/करियर केंद्रों, साझा सेवा केंद्रों (सीएससी), डाकघरों आदि के माध्यम से पहुंच योग्य हैं। एनसीएस पोर्टल सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्रों में समस्त नियोक्ताओं को रोजगार संबंधी रिक्तियां पोस्ट करने की सुविधा प्रदान करता है जिन्हें समस्त रोजगार चाहने वालों द्वारा देखा जा सकता है। यह पोर्टल (www.ncs.gov.in) एक टोल-फ्री कॉल सेंटर/हेल्पडेस्क (1800-425-1514) द्वारा समर्थित है।

*****